नियमों की अनदेखी | आए दिन हो रही नियमों की अनदेखी, आदेश के बावजूद अस्पताल में फैल रही गंदगी

## एल्गिन में बेड की कमी बनी बड़ी चुनौती






**जबलपुर, नवभारत।** शहर के रानी दुर्गावती चिकित्सालय लेडी एल्गिन में स्थित स्पेशल केयर न्यूबॉर्न यूनिट में नवजात शिशुओं के इलाज की व्यवस्था मौजूद तो है, लेकिन सीमित बेड के चलते यहां पर मरीज़ो का दबाव लगातार बढ़ता जा रहा है। यह यूनिट गंभीर रूप से नवजात शिशुओं की देखभाल के लिए बनाई गई है, जहां कुल 20 बेड उपलब्ध हैं। जानकारी के अनुसार, इनबॉर्न और आउटबॉर्न नवजातों को मिलाकर कुल मरीजों की संख्या 38 पहुंच रही है, जिससे यूनिट पर अतिरिक्त दबाव साफ देखा जा सकता है। ऐसी स्थिति में जब बेड रहते हैं, तब अतिरिक्त बच्चों को अन्य बड़े अस्पतालों या मेडिकल कॉलेज में रेफर कर दिया जाता है, जिससे परिजनों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। वही मशीनों की स्थिति को लेकर अस्पताल प्रबंधन का कहना है कि यदि किसी उपकरण में कोई बड़ी तकनीकी खराबी आती है, तो उसका प्रस्ताव तुरंत सुपरिटेंडेंट के पास भेज दिया जाता है, ताकि जल्द से जल्द सुधार कार्य हो सके और इलाज प्रभावित न हो।

### यहां थूकना मना है

अस्पताल परिसर में न्यूट्रिशन रिहैबिलिटेशन सेंटर भी संचालित है, जहां कुपोषित बच्चों का विशेष इलाज और पोषण पर ध्यान दिया जाता है। यह केंद्र कमजोर और कुपोषण से जूझ रहे बच्चों के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। वहीं, अस्पताल में खाने की सुविधा उपलब्ध है और साफ-सफाई बनाए रखने का प्रयास भी किया जा रहा है, क्योंकि यह सीधे स्वास्थ्य से जुड़ा मामला है। हालांकि, कुछ लोग नियमों का पालन नहीं करते हैं। अस्पताल में जगह जगह लिखे इधर थूकना मना है जैसे स्पष्ट आदेश होने के बावजूद लोग वहीं थूक कर गंदगी फैला रहे हैं, जो संक्रमण फैलने का खतरा बढ़ा सकता है। ऐसे में जरूरत है कि अस्पताल प्रशासन के साथ-साथ आम नागरिक भी जिम्मेदारी निभाएं, ताकि नवजात और कुपोषित बच्चों को स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण में बेहतर उपचार मिल सके।

### इनका कहना है



हमको यहां सारी सुविधाएं मिल रही है, स्टाफ भी ठीक है। अभी तक किसी प्रकार की कोई समस्या नहीं आई है।

**शायना कुरैशी**



मेरी भाभी यहां एडमिट है और लगभग जो सुविधाएं दी जा रही है वह ठीक है बस साफ सफाई को लेकर थोड़ा और जागरुक होने की जरूरत है।

**अनुष्का सोनी**

स्पेशल केयर न्यूबॉर्न यूनिट एवं न्यूट्रिशन रिहैबिलिटेशन सेंटर दोनों को मिलकर 38 मरीज़ भर्ती है। हमारी तरफ से जो भी सुविधाएं दी जानी चाहिए जैसे खाना आदि वो सब दिया जाता है।

**रश्मि कुररिया, अधीक्षक**

## जबलपुर की अयोध्या से होगी बेहतर कनेक्टिविटी

प्रधानमंत्री मोदी आज दिखाएंगे दो नई अमृत भारत को हरी झंडी



**जबलपुर, नवभारत।** भारतीय रेल क्षेत्रीय कनेक्टिविटी को बढ़ावा देने के लिए एक दैनिक (बनारस-हड़पसर) और एक साप्ताहिक (अयोध्या-मुंबई) अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन का परिचालन शुरू करने जा रहा है, जो मध्य प्रदेश के रास्ते उत्तर प्रदेश को महाराष्ट्र से जोड़ेगी। प्रमुख सांस्कृतिक और आर्थिक गलियारों से गुजरने वाली ये ट्रेनें बड़ी जनसंख्या वाले शहरों के बीच संबंधों को मजबूत करेंगी और साथ ही तीर्थयात्रियों व श्रमिक वर्ग के लिए यात्रा को अधिक सुगम बनाएंगी। आम आदमी के लिए डिज़ाइन की गई अमृत भारत एक्सप्रेस आराम, सुविधा और किफ़ायती यात्रा का एक अनूठा मिश्रण प्रदान करती है, जो देश में समावेशी और सुलभ रेल यात्रा की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज 28 अप्रैल को दो नई अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनों बनारस-हड़पसर (पुणे) और अयोध्या-मुंबई (लोकमान्य तिलक टर्मिनस) को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। कम और मध्यम आय वाले परिवारों के लिए शुरू की गई अमृत भारत ट्रेनें पूरी तरह से नॉन-एसी और आधुनिक सेवाएं हैं, जिन्हें सुरक्षा और यात्री सुविधा पर विशेष ध्यान केंद्रित करते हुए डिज़ाइन किया गया है। जनरल और स्लीपर श्रेणी के कोचों, पेंट्री और दिव्यांगजन-अनुकूल सुविधाओं से सुसज्जित इन ट्रेनों में कई उन्नत विशिष्टताओं को शामिल किया गया है। यात्रियों को वंदे भारत स्लीपर से प्रेरित सीटों और बर्थों की बेहतर बनावट, जर्क-फ्री सेमी-ऑटोमैटिक कपलर्स के माध्यम से उत्कृष्ट यात्रा गुणवत्ता और दुर्घटना-रोधी कोच डिज़ाइन के साथ उच्च सुरक्षा मानकों का लाभ मिलता है।

### जबलपुर को अयोध्या-मुंबई अमृत भारत के रूप में मिलेगी सौगात

नई अमृत भारत एक्सप्रेस सेवाएँ धार्मिक, आर्थिक और सामाजिक कनेक्टिविटी को एकीकृत करने के व्यापक विजन को दर्शाती हैं। भारत के ऐतिहासिक और आध्यात्मिक रूप से महत्वपूर्ण शहरों को विश्वस्तरीय परिवहन संपर्कों से जोड़कर और साथ ही छात्रों, श्रमिकों व परिवारों की दैनिक आवश्यकताओं को पूरा करके, ये परियोजनाएं समावेशी राष्ट्रीय विकास की आधारशिला के रूप में रेलवे की भूमिका को रेखांकित करती हैं। आज जबलपुर को अयोध्या मुंबई के रूप में नई अमृत भारत एक्सप्रेस मिलने से उत्तर प्रदेश की महाराष्ट्र से मध्य प्रदेश होते हुए एक बेहतर कनेक्टिविटी मिल सकेगी। अयोध्या-मुंबई (लोकमान्य तिलक टर्मिनस) अमृत भारत एक्सप्रेस का उद्घाटन मंगलवार शाम को अयोध्या कैंट से शुरू होगा और अगले दिन देर शाम मुंबई एलटीटी पर समाप्त होगा। यह ट्रेन लगभग 28 घंटे में अपनी यात्रा पूरी करेगी। अपने संपूर्ण मार्ग में यह ट्रेन 12 मुख्य स्टेशनों पर रुकेगी जिनमें अयोध्या कैंट, सुल्तानपुर, एम.बी.डी. प्रतापगढ़, प्रयागराज जंक्शन, मानिकपुर जंक्शन, सतना, जबलपुर, इटारसी जंक्शन, भुसावल जंक्शन, जलगांव जंक्शन, नासिक रोड और कल्याण जंक्शन शामिल हैं, जिसका अंतिम पड़ाव लोकमान्य तिलक टर्मिनस होगा।

## अजीनोमोटो के उपयोग को लेकर प्रशासन अलर्ट

नूडल्स पर सख्त जांच, कई प्रतिष्ठानों से लिए नमूने



**नवभारत, जबलपुर।** खाद्य सुरक्षा प्रशासन ने सोमवार को शहर के विभिन्न प्रतिष्ठानों पर कार्रवाई करते हुए नूडल्स समेत अन्य खाद्य पदार्थों के नमूने एकत्र किए। खाद्य पदार्थों में अजीनोमोटो (मोनो सोडियम ग्लूटामेट) की उपस्थिति की जांच के उद्देश्य से की गई। निरीक्षण के दौरान गढ़ा रोड स्थित केशरवानी फास्टफूड से नूडल्स, पटेल रेस्टोरेंट से मंचूरियन और फ्राइड राइस, अन्नपूर्णा फास्टफूड से पास्ता व नूडल्स, मदनमहल स्थित साहेब बार एंड रेस्टोरेंट से पास्ता के नमूने लिए गए। इसके अलावा गोराबाजार के चाऊमाऊ होटल, रामपुर के एमपी 20, होमसाइंस कॉलेज रोड के 4 यार कैफे एंड रेस्टोरेंट तथा सिविक सेंटर स्थित ड्रेगन एक्सप्रेस वेज चाइनीज सेंटर, श्री चाइनीज सेंटर और श्री साई चाइनीज से भी नूडल्स और अन्य खाद्य पदार्थों के सैंपल लिए गए। यह कार्यवाही कलेक्टर राघवेंद्र सिंह के निर्देशन में की गई।

### व्यापारियों को दी गई चेतावनी

खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने निरीक्षण के दौरान व्यापारियों को स्वाद बढ़ाने के लिए अजीनोमोटो के अधिक उपयोग से होने वाले स्वास्थ्य दुष्प्रभावों की जानकारी दी। साथ ही निर्देशित किया गया कि आवश्यकता पड़ने पर ही इसकी न्यूनतम मात्रा का उपयोग करें।

### 4 यार कैफे पर कड़ी कार्रवाई

निरीक्षण के दौरान होमसाइंस कॉलेज रोड स्थित 4 यार कैफे एंड रेस्टोरेंट के किचन में गंभीर अनियमितताएं पाई गईं। यहां बड़ी संख्या में कॉकरोच, नमी से क्षतिग्रस्त दीवारें और अस्वच्छ परिस्थितियों में भोजन निर्माण व भंडारण पाया गया। इन खामियों को देखते हुए प्रशासन ने 4 यार कैफे एंड रेस्टोरेंट का खाद्य पंजीयन तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। निलंबन अवधि में यहां भोजन का निर्माण और विक्रय पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा।

## अनुक्रमांक में अब नहीं होगा परिवर्तन

**जबलपुर, नवभारत।** मध्य प्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद के 2026 के चुनाव के संदर्भ में उच्चतम न्यायालय केसमक्ष लंबित सभी अपीलों का निराकरण कर दिया गया है। न्यायालय द्वारा उक्त सभी अपीलों को निरस्त करदिया गया है ।मध्यप्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद के (18 पुरुष सदस्य एवं 5 महिला सदस्य) कुल 23 सदस्यों हेतुचुनाव प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। उक्त पद हेतु 98 पुरुष प्रत्याशी एवं 24 महिला प्रत्याशी चुनाव में भाग ले रहे हैं ।जिसका 12 मई दिन-मंगलवार को मतदान संपन्न होगा। जिसमें सभी जिला तहसील मुख्यालय के अधिवक्तापरिचय पत्र प्रस्तुत कर अपना मताधिकार का नियमानुसार उपयोग करेंगे। न्यायालय के अनुसार चुनाव प्रकिया मेंप्रत्याशियों को आवंटित अनुक्रमांक में अब कोई परिवर्तन नहीं होगा वही सभी प्रत्याशियों एवं अधिवक्ताओं सेअपेक्षा की जाती है कि वे चुनाव प्रक्रिया में सक्रिय रूप से भाग लेंगे एवं शांतिपूर्ण, पारदर्शी एवं निष्पक्ष रूप सेचुनाव संपन्न कराने में सहयोग प्रदान करेंगे।



### मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव पहुंचे शहर

**नवभारत, जबलपुर।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का सोमवार रात 8.35 बजे भोपाल से वायुयान द्वारा जबलपुर आगमन हुआ। मुख्यमंत्री डॉ यादव यहां स्थानीय कार्यक्रम में शामिल हुए और रात्रि विश्राम भी शहर में किया।

## दिनभर बादलों का डेरा, शाम को चली धूल भरी आंधी, बूंदाबांदी

**जबलपुर ।** शहर में सोमवार को मौसम का मिजाज बदल गया। सुबह धूप खिलने के बाद मौसम ने यू-टर्न लिया। दिन में आसमान में बादलों का डेरा जमा रहा, जिससे लोगों को भीषण गर्मी और चिलचिलाती धूप से काफी राहत मिली। हालांकि दोपहर के समय बादलों की ओट से सूरज की हल्की किरणें झांकती नजर आईं, लेकिन धूप में वह तल्खी नहीं थी जो बीते दिनों से बनी हुई थी। बादलों और सूरज के बीच चले इस लुका-छिपी के खेल ने मौसम को सुहावना बनाए रखा। शाम होते-होते मौसम ने अचानक करवट ली और आसमान में काले-घने बादलों ने अपना कब्जा जमा लिया था। सुहाना मौसम देखते ही देखते धूल भरी आंधी में तब्दील हो गया। तेज रफ्तार हवाओं के साथ धूल भरी आंधी चलने लगी। बूंदाबांदी भी हुई। अचानक आई इस आंधी के कारण सड़कों पर वाहन चालकों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ा। शहर के कई हिस्सों में तेज हवाओं के कारण पेड़ों की टहनियां भी गिरी।

### 42 डिग्री पार रहा पारा

सोमवार को अधिकतम तापमान 42.7 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया जो सामान्य से 2 डिग्री कम रहा। न्यूनतम तापमान 26.8 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया जो सामान्य से 1 डिग्री अधिक रहा। सुबह के वक्त आद्रता 37 और शाम को 24 पतिशत दर्ज की गई ।

### गर्जन के साथ बारिश के आसार

मौसम विभाग की माने तो सक्रिय मौसम प्रणालियों के असर से गरज-चमक के साथ बारिश, आधी चलने के आसार है। मौसम विभाग की माने तो पूर्वी उत्तर प्रदेश एवं आसपास के क्षेत्र पर ऊपरी वायु चक्रवातीय परिसंचरण माध्य समुद्र तल से 1.5 किमी तक बना हुआ है। उत्तर हरियाणा एवं आसपास के क्षेत्र पर स्थित ऊपरी वायु चक्रवाती परिसंचरण अब उत्तर-पश्चिम उत्तर प्रदेश के ऊपर माध्य समुद्र तल से 1.5 किमी तक विस्तृत है। पूर्व एवं पूर्वोत्तर भारत के ऊपर माध्य समुद्र तल 12.6 किमी पर 111-139 किमी, घंटा की गति की गति से उपोष्ण पश्चिमी जेट स्ट्रीम प्रवाहित हो रही है।


